According to the investigation, the network had allegedly been operating for nearly six months, using social media platforms to distribute MDMA across Noida, Greater Noida, and other parts of the Delhi-NCR region. Investigators allege that the group primarily targeted school and college students for the sale of synthetic drugs, a detail that places this case within a pattern law enforcement agencies across India have flagged with increasing urgency: the direct-to-consumer nature of social media, which allows dealers to reach young, first-time buyers without the intermediary networks that traditional street-level drug distribution once required.

Investigators are now working to determine the source of the narcotics, the geographical extent of the supply network, and whether additional individuals were involved in the alleged trafficking operation. Mobile phones and other digital devices recovered during the arrests are being examined to trace the wider network, with police stating that a case has been registered against the accused under the relevant legal provisions and that they will be produced before the competent court.

Part of a Rapidly Escalating National Trend

The Greater Noida bust fits within a documented and accelerating national pattern of synthetic drug enforcement. The Narcotics Control Bureau’s Annual Report 2025 recorded an all-time high of over 1.48 lakh cases and seizures exceeding 1,200 tonnes of narcotics and psychotropic substances nationally, spanning plant-based drugs, synthetic substances, diverted pharmaceuticals, and precursor chemicals, a range the report describes as evidence of how complex the trafficking threat has become. The report specifically flags encrypted messaging apps, including Telegram, WhatsApp

and Signal, as major trafficking channels, noting that such platforms require no special technical access and function on any ordinary smartphone, considerably lowering the barrier to entry for both sellers and young buyers compared to darknet marketplaces.

The scale of organised synthetic drug distribution networks uncovered elsewhere in India in recent months illustrates how sophisticated such operations can become. In March, the NCB dismantled a pan-India darknet network distributing LSD, MDMA, liquid MDMA and cannabis, which had allegedly sent over 1,000 parcels across the country since January 2025, sourcing drugs from international vendors and using cryptocurrency payments routed through multiple wallets specifically to evade detection. While the Greater Noida case appears considerably smaller in scale, its underlying method, social-media-driven distribution to a young, geographically concentrated buyer base, mirrors the broader shift regulators have identified nationally.

The Youth-Targeting Dimension Driving Renewed Enforcement Focus

The specific allegation that students were targeted places this case squarely within a concern that has become a stated enforcement priority across multiple state police forces. Delhi Police Commissioner Satish Golchha, launching a comprehensive anti-narcotics drive earlier this year, identified unchecked drug abuse among young people as one of the force’s central priorities, directing officers to prepare district-specific action plans addressing both supply and consumption in high-risk localities, while emphasising that traffickers often specifically exploit the social and economic vulnerabilities of young people.

For investigators in Greater Noida, establishing the full extent of the alleged network, its supply source, its reach across Delhi-NCR, and the identity of any additional individuals connected to the operation, will likely determine whether this arrest represents the dismantling of an isolated local operation or merely one node within a considerably larger synthetic drug distribution chain feeding the region’s schools and colleges.

Two drug peddlers arrested in Jammu, Reasi

dailyexcelsior.com/two-drug-peddlers-arrested-in-jammu-reasi

Daily Excelsior July 5, 2026

04:07 AM Jul 06, 2026 IST

JAMMU, July 5: Two alleged drug peddlers were arrested with different narcotic substances in Jammu and Reasi districts, officials said today.

In one of the operation in Jammu district on July 4th, they said a team of Police Station Janipur, led by SI Ashok Kumar, noticed a suspicious individual near S Morh, who abruptly changed his direction on seeing the police.

He was chased and intercepted, officials said.

On search, the police team recovered approximately 5-7 grams of heroin-like narcotics substance from his possession, they said.

The accused, later identified as Zaffer Abbas of House number 222, Old Janipur, Jammu, was arrested and booked in case FIR number 110/2026 under sections 8/21/22 of the NDPS Act registered at Police Station Janipur.

In a separate operation in Reasi district, one Ganesh Sharma of Kotli Bajalian, Katra was arrested with 91.1 grams of Ganja along with Rs 9,800 cash during routine patrolling and naka checking duty near Tulip Tree Hotel, New Bus Stand Katra.

He was booked in case FIR number 221/2026 under sections 8/20 of the NDPS Act registered at Police Station Katra.

Police said further investigation in both the cases is underway to ascertain the backward and forward linkages of the arrested individuals.

पंजाब में नशा तस्करों पर बड़ा वार:अमृतसर में 11 किलो हेरोइन बरामद, तस्करी नेटवर्क की जांच; पुलिस का वार्निंग मोड ऑन

bhaskar.com/local/punjab/amritsar/news/punjab-police-seize-11-kg-heroin-amritsar-138372510.html

दैनिक भास्कर July 6, 2026

पंजाब में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। थाना घरिंडा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 11 किलो 960 ग्राम हेरोइन बरामद की है।

मोगा में नशा तस्करों पर पुलिस का शिकंजा:20 केस दर्ज; 30 आरोपी गिरफ्तार, 427 ग्राम हेरोइन बरामद

bhaskar.com/local/punjab/moga/news/moga-police-nab-427g-heroin-30-arrested-20-fir-138368323.html

दैनिक भास्कर

July 5, 2026

मोगा पुलिस ने पंजाब सरकार के निर्देशों और जिला पुलिस प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान बड़ी कार्रवाई की है। जिले के विभिन्न थानों की पुलिस ने एक ही दिन में एनडीपीएस एक्ट के तहत 20 मामले दर्ज कर 30

युवक से 600 ग्राम अफीम बरामद, केस

bhaskar.com/local/punjab/firozpur/news/600-grams-of-opium-recovered-from-youth-case-registered-dbp-138370773.html

दैनिक भास्कर July 6, 2026

फिरोजपुर | मक्खू पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते एक युवक को 600 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी पुलिस टीम को देखकर भागने लगा, लेकिन सतर्क पुलिसकर्मियों ने पीछा कर उसे मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस के अनुसा

बैरी में हनुमान मंदिर के पास 140.65 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

amarujala.com/himachal-pradesh/bilaspur/youth-arrested-with-14065-grams-of-hashish-near-hanuman-temple-in-bari-bilaspur-news-c-92-1-ssml1001-163117-2026-07-05

शिमला ब्यूरो July 5, 2026

शिमला ब्यूरो Updated Sun, 05 Jul 2026 11:54 PM IST

बरमाणा पुलिस ने की कार्रवाई, आरोपी इंद्र पाल सिंह पंजाब के लुधियाना का है रहने वाला

संवाद न्यूज एजेंसी
बिलासपुर। नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बिलासपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 140.65 ग्राम चरस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना बरमाणा में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार बरमाणा थाना की टीम बैरी में हनुमान मंदिर के समीप गश्त और यातायात जांच पर तैनात थी। इसी दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 140.65 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान इंद्र पाल सिंह (35) निवासी ऋषि नगर, हाबोवाल खुर्द, लुधियाना (पंजाब) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक धीमान ने बताया कि जिले में नशा तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। उन्होंने आम लोगों से अपील की कि नशा तस्करी या अन्य अवैध गतिविधियों से संबंधित कोई भी सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

गश्त के दौरान पुलिस ने रूकवाई बाइक, तलाशी में मिला 2.5 किलो चरस...पंजाब का 33 वर्षीय युवक गिरफ्तार

m.himachal.punjabkesari.in/himachal-pradesh/news/man-from-punjab-caught-with-2-53-kg-of-charas-in-kangra-2353777

www.punjabkesari.in July 5, 2026

Sunday, Jul 05, 2026 - 05:20 PM (IST)

Kangra News : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा में नागाबाड़ी टोल प्लाजा के पास नियमित जांच के दौरान पुलिस ने पंजाब के रहने वाले एक व्यक्ति को 2.532 किलोग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

नूरपुर पुलिस जिले की पुलिस अधीशक (एसपी) इल्मा अफरोज ने बताया कि नूरपुर पुलिस की सीआईए टीम टोल प्लाजा के पास नियमित गश्त कर रही थी, तभी उन्होंने शक होने पर एक मोटरसाइकिल सवार को रोका। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से 2.532 किलोग्राम चरस बरामद की और उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी अश्वनी कुमार (33) पंजाब के पठानकोट जिले के नारोत मेहरा इलाके के रविदास मोहल्ले का रहने वाला है। उसके खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम, 1985 के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

कांगड़ा के ज्वालामुखी में बस से 221 ग्राम 37 मिलीग्राम चरस बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

himachalnownews.com/ndps-kangra-jwalamukhi-bus-charas-seizure-one-accused-arrested.html

हिमांचलनाउ डेस्क नाहन ॥ July 5, 2026

ज्वालामुखी

गुप्त सूचना के आधार पर बस में की गई तलाशी

नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ज्वालामुखी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक परिवहन बस में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस के अनुसार टीम नियमित गश्त पर थी, तभी सूचना मिली कि बस में यात्रा कर रहे एक व्यक्ति के पास नशीला पदार्थ हो सकता है। सूचना के आधार पर पुलिस ने ज्वालामुखी बस स्टैंड के समीप बस को रोककर नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान एक व्यक्ति के कब्जे से 221 ग्राम 37 मिलीग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने बरामद चरस को कब्जे में लेकर संबंधित व्यक्ति को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

गिरफ्तार आरोपी की पहचान 45 वर्षीय राज कुमार, पुत्र जगदीश चंद, निवासी वार्ड नंबर-1, गांव एवं डाकघर गुर्नवार, तहसील डाडासीबा, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत ज्वालामुखी थाना में मामला दर्ज कर लिया है। बरामद नशीले पदार्थ को जब्त कर नियमानुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

सप्लाई नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि बरामद चरस कहां से लाई गई थी और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। जांच के दौरान इस मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों अथवा संभावित सप्लाई नेटवर्क की भी पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

एसपी ने की मामले की पुष्टि

पुलिस जिला देहरा के एसपी संदीप धवल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने एक व्यक्ति को चरस सहित गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है और सभी पहलुओं की जांच जारी है। पुलिस के अनुसार नशीले पदार्थों की तस्करी से जुड़े मामलों में नियमानुसार कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

110 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार:कपूरपुर पुलिस ने हापुड़ में की कार्रवाई

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/hapud/dhaulana/news/kapoorpur-police-arrest-drug-smuggler-hapur-110gm-charas-138368690.html

दैनिक भास्कर July 5, 2026

हापुड़ में कपूरपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 110 ग्राम अवैध चरस (सुल्फा) बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। सपनावत-सालेपुर नहर पटरी से ग्राम डहाना जाने वाले मार्ग पर एक संदिग्ध युवक को रोका गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 110 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई, जिसके बाद उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान भूरा उर्फ भुरवा पुत्र शकील के रूप में हुई है। वह जनपद हापुड़ के थाना हाफिजपुर अंतर्गत ग्राम बड़ौदा सिहानी का निवासी है। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना कपूरपुर में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है। उसके खिलाफ वर्ष 2014 में थाना धौलाना में अपहरण, दुष्कर्म और आपराधिक साजिश सहित विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज किए गए थे। इसके अतिरिक्त, वर्ष 2010 में जनपद गाजियाबाद में हत्या के प्रयास, मारपीट और बलवा जैसी गंभीर धाराओं में भी मुकदमे दर्ज हैं।

कपूरपुर पुलिस ने बताया कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। ऐसे अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

नागाबाड़ी और ज्वालामुखी में 2.75 किलो चरस के साथ दो गिरफ्तार

amarujala.com/amp/himachal-pradesh/kangra/two-arrested-with-275-kg-of-charas-in-nagabari-and-jwalamukhi-kangra-news-c-95-1-kng1004-243102-2026-07-05

शिमला ब्यूरो July 6, 2026

कंडवाल/नूरपुर/ज्वालामुखी (कांगड़ा)। जिला कांगड़ा में दो अलग-अलग मामलों में भारी मात्रा में चरस बरामद की है। नूरपुर के नागाबाड़ी और ज्वालामुखी बाजार में पुलिस टीमों ने कुल 2.753 किलोग्राम चरस के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है।

पहले मामले में पुलिस थाना नूरपुर के तहत सीआईए टीम ने गश्त के दौरान नागाबाड़ी टोल प्लाजा के समीप नाकाबंदी की थी। इस दौरान एक बाइक सवार को जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर सवार के कब्जे से 2.532 किलोग्राम चरस बरामद हुई। इस पर सीआईए की टीम ने अश्वनी कुमार (33) निवासी रविदास मॉल, नरोट मेहरा पठानकोट (पंजाब) को गिरफ्तार कर लिया है।

एएसपी नूरपुर धर्म चंद वर्मा ने बताया कि आरोपी की बाइक जब्त कर ली गई है। पुलिस मामले की बैकवर्ड लिंकेज को खंगालने में जुटी है।

दूसरे मामले में ज्वालामुखी पुलिस ने बाजार के समीप एक सार्वजनिक परिवहन की बस में बैठे व्यक्ति से 221.37 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी की पहचान राज कुमार (45) निवासी वार्ड-1, गांव व डाकघर गुरनवाड़, तहसील डाडासीबा के रूप में हुई है। एसपी देहरा संदीप धवल ने बताया कि पुलिस टीम ने नियमित गश्त के दौरान यह कार्रवाई की है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह खेप कहां से लाई गई थी और इस नेटवर्क में कौन-कौन शामिल हैं।

गगल में पठानकोट का युवक 6.74 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार

गगल (कांगड़ा)। पुलिस की विशेष टीम ने सराह मांझी पुल के पास एक युवक को 6.74 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) के साथ गिरफ्तार किया है। रविवार रात करीब 1:40 बजे सीआईए कांगड़ा के प्रभारी मुख्य आरक्षी कुलदीप डोगरा की अगुवाई में टीम गश्त पर थी। इस दौरान वहां खड़ा एक युवक पुलिस गाड़ी को देखकर घबरा गया और उसने जेब से एक संदिग्ध वस्तु नीचे फेंक दी, जिसे जांचने पर चिट्टा बरामद हुआ। एसपी कांगड़ा कुलभूषण वर्मा ने बताया कि आरोपी बलविंद्र सिंह (27) निवासी दुरंग खड तरहारी, जिला पठानकोट के खिलाफ मामला दर्ज कर नशा नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जांच की जा रही है।

पुलिस को मिली सीक्रेट इनपुट...बस में मारा छापा, चरस के साथ रंगे हाथों दबोचा तस्कर

himachal.punjabkesari.in/himachal-pradesh/news/smuggler-arrested-with-hashish-2353781

5 जुलाई 2026

नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने ज्वालामुखी बस स्टैंड के समीप एक परिवहन बस में छापेमारी कर एक 45 वर्षीय व्यक्ति को 221 ग्राम 37 मिलीग्राम चरस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

ज्वालामुखी (नितेश): नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने ज्वालामुखी बस स्टैंड के समीप एक परिवहन बस में छापेमारी कर एक 45 वर्षीय व्यक्ति को 221 ग्राम 37 मिलीग्राम चरस के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्वालामुखी थाना पुलिस की टीम इलाके में नियमित गश्त थी। इसी दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक परिवहन बस में सवार एक संदिग्ध व्यक्ति के पास नशीला पदार्थ हो सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत हरकत में आई और ज्वालामुखी बस स्टैंड के पास उक्त बस में दबिश दी। पुलिस टीम ने बस में बैठे संदिग्ध व्यक्ति की नियमानुसार तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 221 ग्राम 37 मिलीग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने चरस को जब्त करने बाद आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

पकड़े गए आरोपी की पहचान 45 वर्षीय राज कुमार, पुत्र जगदीश चंद के रूप में हुई है। आरोपी वार्ड नंबर-1, गांव एवं डाकघर गुर्नवार, तहसील डाडासीबा, जिला कांगड़ा का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत ज्वालामुखी थाने में एफआईआरदर्ज कर ली है। अब पुलिस यह पता लगाने में जुट गई है कि आरोपी यह चरस कहां से लाया था और इसे किसे सप्लाई किया जाना था।

इस पूरे मामले की पुष्टि पुलिस जिला देहरा के एसपी संदीप धवल ने की है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चरस के साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उन्होंने साफ किया कि नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

पलवल में चूरापोस्त के साथ होटल संचालक गिरफ्तार:NCB ने रेड मारकर बरामद किया नशा; ढाबे की आड़ में करता था सप्लाई

bhaskar.com/local/haryana/palwal/news/palwal-hotel-operator-arrested-chura-post-supply-138366177.html

दैनिक भास्कर July 5, 2026

पलवल में एनसीबी टीम की गिरफ्त में होटल संचालक।

हरियाणा एनसीबी टीम ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पलवल में नेशनल हाईवे-19 पर स्थित एक होटल पर छापा मारा। टीम ने होटल से 3 किलो 450 ग्राम चूरा-पोस्त बरामद किया है। इस मामले में होटल संचालक को गिरफ्तार कर होडल थाना में केस दर्ज किया गया है।

जबलपुर पुलिस ने 149 किलो गांजा नष्ट किया:जब्त मादक पदार्थ कटनी की सीमेंट फैक्ट्री में जलाया गया

bhaskar.com/local/mp/jabalpur/news/katni-cement-factory-ganja-destroyed-jabalpur-police-138366831.html

दैनिक भास्कर

July 5, 2026

जबलपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 149 किलोग्राम से अधिक गांजा नष्ट किया है। यह कार्रवाई शनिवार, 4 जुलाई को कटनी जिले के कैमोर स्थित एसीसी सीमेंट फैक्ट्री में की गई।

मादक पदार्थ तस्करी के आरोपियों को नहीं मिल सकी अदालत से राहत

bhaskar.com/local/rajasthan/ajmer/news/drug-trafficking-accused-could-not-get-relief-from-the-court-dbp-138369906.html

दैनिक भास्कर July 6, 2026

एनडीपीएस कोर्ट ने मादक पदार्थों की तस्करी व भंडारण से जुड़े छह आरोपियों की जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। पीसांगन थाना क्षेत्र के समरथपुरा निवासी फूल सिंह के खेत से 1,535 गांजे के पौधे (करीब 110 किलोग्राम) जब्त किए गए थे। वहीं पुष्कर के चावंडा माता रोड

रायबरेली में 1300 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार:अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में डलमऊ पुलिस को मिली सफलता

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/raibareli/kathgar/news/dalmau-police-arrest-accused-1300g-ganja-raebareli-138368646.html

दैनिक भास्कर July 5, 2026

रायबरेली में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डलमऊ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने 1300 ग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दौरान, 4 जुलाई 2026 को डलमऊ पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी क्रम में, मुखबिर की सूचना पर मुराईबाग नहर पुलिया के पास से एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से 1300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान फतेहपुर जनपद के थाना हथगांव अंतर्गत ग्राम बनियापुर मजरे गौरा निवासी मो. कलीम पुत्र छेद्दू के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया।

इस कार्रवाई में डलमऊ थाना पुलिस टीम के उपनिरीक्षक रणजीत यादव और हेड कांस्टेबल हिमांशु यादव सहित अन्य पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

व्यापार में नुकसान हुआ तो दुकानदार बना तस्कर:SUV की डिग्गी में सीक्रेट बॉक्स बना कर गांजा तस्करी; 3 राज्यों का सप्लायर पकड़ा

bhaskar.com/local/rajasthan/sawai-madhopur/news/sawai-madhopur-suv-car-pursuit-47kg-ganja-bust-138367075.html

दैनिक भास्कर July 5, 2026

पुलिस गिरफ्त गांजा तस्कर और एक्सयूवी कार।

सवाई माधोपुर में पुलिस ने 47.288 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से कार (XUV 500) को जब्त किया है।

कानपुर में 4 क्विंटल गांजा पकड़ा:उड़ीसा से राजस्थान जा रहा ₹3.5 करोड़ की खेप बरामद, ट्रक चालक गिरफ्तार

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/kanpur/news/kanpur-rs-3-5-crore-ganja-seized-odisha-rajasthan-trucker-arrested-138369084.html

दैनिक भास्कर July 5, 2026

कानपुर पुलिस कमिश्नरेट के 'ऑपरेशन व्हाइट पाउडर' के तहत सजेती थाना क्षेत्र में रविवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब चार कुंतल गांजा बरामद किया गया। उड़ीसा से राजस्थान ले जाई जा रही इस खेप की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार कर अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

बरीपाल मार्केट के पास घेराबंदी कर पकड़ा ट्रक

एडीसीपी साउथ सुमित सुधाकर रामटेके की टीम को सूचना मिली थी कि उड़ीसा से भारी मात्रा में गांजा कानपुर के रास्ते राजस्थान ले जाया जा रहा है। सूचना के आधार पर घाटमपुर एसीपी कृष्णकांत और सजेती पुलिस ने बरीपाल मार्केट के पास घेराबंदी कर ट्रक को रोक लिया। तलाशी में ट्रक से गांजे की सैकड़ों सिल्लियां बरामद हुईं। ट्रक चालक भागने की कोशिश करने लगा, लेकिन पुलिस ने पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

राजस्थान पहुंचते ही सौंपनी थी खेप

गिरफ्तार चालक ने पूछताछ में अपना नाम रामेश्वर, निवासी राजस्थान बताया। उसने पुलिस को बताया कि राजस्थान की सीमा में प्रवेश करने के बाद उसे एक व्यक्ति को यह खेप सौंपनी थी। सप्लाई लेने वाले के पास केवल ट्रक का नंबर था, जबकि उड़ीसा के तस्कर दोनों पक्षों के बीच संपर्क का काम करते थे। पुलिस ने चालक का मोबाइल फोन कब्जे में लेकर पूरे नेटवर्क की जांच शुरू कर दी है।

महिलाओं और बच्चों का भी लेते थे सहारा

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गांजा राजस्थान के विभिन्न जिलों में पहुंचाकर छोटी-छोटी पुड़ियों में बेचने की तैयारी थी। पुलिस को यह भी जानकारी मिली है कि तस्कर अक्सर पुलिस के शक से बचने के लिए ट्रकों में महिलाओं और बच्चों को भी साथ बैठाते हैं। इस मामले में भी महिलाएं और बच्चे ट्रक में सवार थे, जिन्हें कानपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में उतार दिया गया था।

अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क की जांच शुरू

पुलिस के अनुसार उड़ीसा में कम कीमत पर मिलने वाला गांजा दूसरे राज्यों में पहुंचते-पहुंचते कई गुना महंगा बिकता है। बरामद खेप के तार एक बड़े अंतरराज्यीय तस्करी गिरोह से जुड़े होने की आशंका है। पुलिस अब उड़ीसा और राजस्थान के तस्करों के बीच सक्रिय नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है।

एडीसीपी बोले- अभियान लगातार जारी रहेगा

एडीसीपी साउथ सुमित रामटेके ने बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चार कुंतल गांजा और ट्रक चालक को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पूरे तस्करी नेटवर्क की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

सीक्रेट टिप मिली, 1 करोड़ का गांजा पकड़ाया:नाकाबंदी देख तस्कर भागे, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार, बस्तर के रास्ते UP जा रही थी खेप

bhaskar.com/local/chhattisgarh/bastar/jagdalpur/news/bastar-ganja-smuggling-up-trader-arrested-1cr-seized-138371362.html

दैनिक भास्कर July 5, 2026

छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर पर बस्तर पुलिस ने चेकिंग के दौरान बोलेरो पिकअप से 215 किलोग्राम गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 1.07 करोड़ रुपए है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका साथी बारिश और अंधेरे का फायदा उठ

रायबरेली में तीन अलग-अलग मामलों में तीन आरोपी गिरफ्तार:अवैध हथियार, गांजा और चोरी का सामान बरामद, जेल भेजा गया

bhaskar.com/local/uttar-pradesh/raibareli/news/raebareli-arms-ganja-stolen-goods-arrests-138372325.html

दैनिक भास्कर July 6, 2026

रायबरेली जिले में पुलिस ने तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों के पास से अवैध हथियार, 1300 ग्राम अवैध गांजा और चोरी का सामान बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियानों के तहत यह कार्रवाई की गई।

पहला मामला हरचंदपुर कोतवाली थाना क्षेत्र का है। यहां अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान सोनू सिंह पुत्र रामनारायण सिंह को गिरफ्तार किया गया। सोनू सिंह डिहवा गांव का निवासी है और उसके पास से 315 बोर का एक अवैध तमंचा बरामद हुआ।

दूसरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र से संबंधित है। मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत डलमऊ कस्बे में मोहम्मद कलीम पुत्र चंदू को पकड़ा गया। फतेहपुर जिले के हथगांव थाना क्षेत्र के बनियापुर मजरे गौरा निवासी कलीम के पास से 1300 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

तीसरा मामला डीह थाने का है। योगेश सिंह द्वारा मोबाइल टावर से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सूरज पुत्र रामसेवक पासी को गिरफ्तार किया। सूरज डीह थाना क्षेत्र के भीरा कस्बे का निवासी है और उसके पास से चोरी का माल बरामद हुआ है।

पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

रायगढ़ रेलवे स्टेशन में पकड़ाया गांजा तस्कर:महाराष्ट्र की ओर जाने ट्रेन का इंतजार कर रहा था, 4 लाख का माल जब्त

bhaskar.com/local/chhattisgarh/raigarh/news/raigarh-4-lakh-ganja-seized-maharashtra-bound-train-wait-138372001.html

दैनिक भास्कर July 6, 2026

चार लाख के गांजे के साथ में आरोपी को गिरफ्तार किया गया

छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में GRP (शासकीय रेलवे पुलिस) ने गांजा तस्करी मामले का खुलासा करते हुए युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ओडिशा से गांजा लेकर महाराष्ट्र जा रहा था। ट्रेन आने से पहले ही मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 से उसे

छात्रों को नशा मुक्ति का संदेश दिया

amarujala.com/delhi-ncr/faridabad/students-were-given-a-message-about-de-addiction-faridabad-news-c-26-1-fbd1021-74086-2026-07-05

नोएडा ब्यूरो

July 5, 2026

Updated Sun, 05 Jul 2026 11:23 PM IST

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा प्रदेशभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत रविवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यालय तक लगभग 52 किलोमीटर तथा वापसी सहित कुल 104 किलोमीटर की साइकिल यात्रा कर नशा मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया। साइकिल यात्रा के दौरान डॉ. वर्मा अरुआ, अटाली, दयालपुर, मच्छगर और चंदावली सहित कई गांवों से होकर गुजरे। उन्होंने ग्रामीणों, युवाओं और राहगीरों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ जीवन अपनाने, नियमित व्यायाम करने और पर्यावरण-अनुकूल साधनों के उपयोग के लिए प्रेरित किया।

जवाहर नवोदय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 550 से अधिक छात्र-छात्राओं और लगभग 50 शिक्षकों ने भाग लिया। विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने परिवार और समाज को भी नशा विरोधी अभियान से जोड़ने का आह्वान किया गया। प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई।

विज्ञापन

कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य सतीश कुमार ने विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अनुशासित एवं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाला जीवन अपनाने की अपील की।

नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रहें युवा

bhaskar.com/local/punjab/amritsar/news/youth-should-stay-away-from-drugs-and-social-evils-rintu-dbp-138369705.html

दैनिक भास्कर July 6, 2026

अमृतसर| इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन करमजीत सिंह रिंटू ने मजीठा रोड स्थित शिवाला वर्मी वाला मंदिर में आयोजित साप्ताहिक धार्मिक कार्यक्रम में माथा टेका। एकनूर सेवा ट्रस्ट के सहयोग से हुए इस कार्यक्रम में उन्होंने हनुमान चालीसा के पाठ और आरती में भाग

EAST

किशनगंज में 47 लाख की हेरोइन जब्त:महिला समेत 3 अंतरराज्यीय तस्कर गिरफ्तार, 232 ग्राम ड्रग्स बरामद

bhaskar.com/local/bihar/kishanganj/news/kishanganj-3-interstate-drug-smugglers-arrested-232g-heroin-seized-138367944.html

दैनिक भास्कर July 5, 2026

किशनगंज जिले में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 232.72 ग्राम हेरोइन जब्त की है।

Narcotics Control Bureau, Govt. of India
नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, भारत सरकार

Do you have a tip for NCB? Call on toll free number 1933 (24x7 : National Narcotics Helpline)

Join Us

narcoticsindia.nic.in | narcoticsbureau | ncbmanas | narcoticscontrolbureauindia | india.ncb

Narcotics control Bureau | narcotics-control-bureau | narcotics-control-bureau-india